## समाचार संक्षेप

### जिले में अब तक 86.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 1 जून से अब तक 86.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि सामान्य वर्षा का 7.3 प्रतिशत है। जिले में गतवर्ष इसी अवधि में 86.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है।अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 24 जून 2024 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 89.1 मिलीमीटर, बमौरी में 66.0, आरोन में 35.0, राघौगढ़ में 99.0, चांचौड़ा में 141.0, कुम्भराज में 69.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 107.2 मिलीमीटर सहित जिले में कुल 86.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 2.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.0 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 0.5 मिमी., राघौगढ़ में 0.0 मिमी., चांचौड़ा में 4.0 मिमी., कुंभराज में 2.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 9.5 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

### आज जिला स्तरीय पूर्व सैनिक रैली और रोजगार मेले का होगा आयोजन

**गुना।** कल्याण संयोजक जिला सैनिक कल्याण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर जिले के समस्त पूर्व सैनिकों को सूचित किया जाता है कि 26 जून बुधवार को जिला स्तरीय पूर्व सैनिक रैली व रोजगार मेले का आयोजन जिला सैनिक कल्याण द्वारा रोजगार कार्यालय के समन्वय से शुभ विदाई गार्डन, जिला पंचायत रेस्ट हाउस, गायत्री मंदिर के सामने, ए. बी रोड जिला गुना में किया जा रहा है। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं व स्पर्श पोर्टल की समस्याएं, अभिलेख कार्यालय के पत्राचार की समस्याएँ, बैंक संबंधी समस्याएँ, अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) संबंधी समस्याएँ, कैंटीन कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान संबंधित विभागों से आये हुए अधिकारी, कर्मचारी द्वारा किया जायेगा एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियां भी आ रही हैं जो कि रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण रोजगार के लिए बाहर से आये हुए कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे कैंटीन की सुविधा के साथ-साथ राज्य सैनिक बोर्ड व केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से दी जायेगी। उद्योग विभाग द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि समस्त भूतपूर्व सैनिकों से अपील की जाती हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर रैली एवं रोजगार मेला के आयोजन को सफल बनाएँ। विशेष अनुरोध है समस्त पूर्व सैनिक अपने साथ अपने पहचान पत्र के साथ सैनिक दस्तावेज अवश्य साथ लाएं।

### खरीफ फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक कृषि

**गुना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला गुना द्वारा किसान भाईयों को सूचित किया गया है कि मक्का, धान, सोयाबीन आदि खरीफ फसलों की बुवाई हेतु डी.ए.पी. उर्वरक के स्थान पर एन.पी.के. उर्वरक का उपयोग किया जाता है। डी.ए.पी. में नाइट्रोजन, फास्फोरस तत्व होते है, मक्का हेतु एन.पी. के (12:32:16) की 187 कि.ग्रा. मात्रा या (16:16:16) की 133 कि.ग्रा. मात्रा या (20:20:0:13) की 106 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हेक्टेयर पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि एन.पी.के. उर्वरक में नाइट्रोजन, फास्फोरस के साथ पोटाश एवं सल्फर तत्व भी पाया जाता है जो कि फसलों के लिये अति महत्वपूर्ण एवं आवश्यक पोषक तत्व है। पोटाश तत्व से कीड़े एवं रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न होती है। सल्फर से तेल वाली फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। मक्का में बुवाई के 30 दिन बाद टॉप ड्रेसिंग यूरिया एवं डी.ए.पी. से करने से फसल की उपज में वृद्धि होती है।सोयाबीन फसल में एन.पी.के. (12:32:16) की 125 कि.ग्रा. मात्रा एवं एस.एस.पी. (सिंगल सुपर फास्फेट) उर्वरक की 250 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हेक्टेयर का उपयोग करें। सिंगल सुपर फास्फेट में 16 प्रतिशत फास्फोरस, 12 प्रतिशत सल्फर, 21 प्रतिशत कैल्शियम तत्व पाये जाते है, जो कि सोयाबीन फसल के लिये अति फायदेमंद है।

### बाल अधिकार उल्लंघन के संबंध में शिकायतों की सुनवाई 27 जून को

**गुना।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 27 जून को जनपद पंचायत सभाकक्ष बमोरी में बाल अधिकार उल्लंघन के विषय में शिकायतों की सुनवाई हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प का समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक का रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे जाने के आदेश जारी किये गये हैं।

# नपाध्यक्ष ने किया केंद्रीय मंत्री सिंधिया का स्वागत

## गाड़ी से उतरकर पहुंचे मंच पर, नपाध्यक्ष ने भेंट की भगवान श्रीराम की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बीती रात जनदर्शन रैली के दौरान स्थानीय गुना नगरपालिका के बाहर नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों के साथ-साथ बड़ी संख्या में एकत्रित समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का उमंग और उत्साह के साथ स्वागत किया गया।





इस दौरान नगरपालिका के बाहर बनाये गये 80 फुट लंबे रैंप व 20 फुट लंबे मंच पर कतारबद्ध होकर खड़े पार्टी पार्षदों, समर्थकों ने नपाध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर सिंधिया का उमंग और उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान शानदार आतिशबाजी के बीच रंग बिरंगे फॉग स्प्रे के साथ-साथ पन्नीयां भी उड़ाई जाती रहीं। मंच के पास पहुंचकर सिंधिया गाड़ी से उतरे और मंच पर पहुंचे, जहां नपाध्यक्ष ने एक बजनी पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया और सिंधिया को स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की। जिसे सिंधिया ने गाड़ी में हाथों में लहराते हुए सभी को दिखाया। यहां भारी संख्या में एकत्रित भीड़ ने सिंधिया के चेहरे पर अपूर्व खुशी ला दी, जिससे वे गदगद दिखे। यही नहीं बाद में सामने दिखने पर सिंधिया द्वारा इसके लिए भाजपा नेता अरविंद गुप्ता की पीठ भी थपथपाई गई। शहरभर में निकली जन दर्शन रैली के अंतिम चरण में हुए ऐतिहासिक स्वागत ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान विशेष रूप से पार्षद राधा भगवान कुशवाह, बबिता राजेश साहू, अनिता महेन्द्र कुशवाह, ओमप्रकाश कुशवाह, फूलबाई ओझा, सुमन लालाराम लोधा, डॉ. कल्याण लोधा, बृजेश राठौर, सुशीला जगदीश कुशवाह, विमला गोपाल साहू, संध्या अशोक सोनी, दिनेश शर्मा चुक्की, कीर्ति प्रदीप सरवैया, कैलाश धाकड़, अजब बाई बहादुर लोधा, राजू ओझा, ममता तोमर, अलका दिनेश कोरी, तरूण मालवीय, नीता शिवनारायण कुशवाह, सचिन धूरिया, लक्ष्मण जाटव सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष ने न स्वागत कराया, न रथ में मिली जगह

आभार सभा में गुना शहर की प्रथम नागरिक नपा अध्यक्ष सविता गुप्ता को नजरअंदाज करने का नजारा सामने आया। बीजेपी ने आभार सभा में अपने नौ मण्डल अध्यक्षों से स्वागत कराया, लेकिन नपा अध्यक्ष का स्वागत के लिए नाम तक नहीं लिया गया। इसके पूर्व शहर में सिंधिया के रथ में भी उनको जगह नहीं मिली। इस पूरे वाक्रया नगर पालिका अध्यक्ष, सिंधिया समर्थकों और बीजेपी के कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय बना हुआ है।

कृषि अधिकारी को कथित रूप से बंधक बनाने वाला मामला पकड़ रहा तूल

# मेरे खिलाफ षड़यंत्र, डीडीए उपाध्याय मामले और उनकी संपत्ति की हो निष्पक्ष जांचः प्रियंका

## विधायक के देवर ने दिया आवेदन, उधर उपाध्याय के बचाव में आया ब्राह्मण समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चाचौड़ा विधायक प्रियंका मीना के देवर अनिरुद्ध सिंह पर कृषि अधिकारी को कथित रूप से बंधक बनाने और 50 लाख रुपए की मांग करने का कथित मामला तूल पकड़ रहा है। मंगलवार को विधायक के देवर के बचाव में सैकड़ों लोगों ने एसपी, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उधर ब्राह्मण समाज और विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने कृषि विभाग के उप संचालक अशोक उपाध्याय के समर्थन में आवेदन दिया। इस पूरे मामले को लेकर चाचौड़ा विधायक प्रियंका मीना ने साफ कर दिया है कि मेरी छवि खराब करने षड्यंत्र रचा गया है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। खाद नहीं मिलने से किसान समस्या लेकर आते हैं। मैंने अधिकारी को यह जानकारी लेने बुलाया था की चाचौड़ा में खाद की कमी क्यों आई। अधिकारी के बेटे की बीज कंपनी है। उपाध्याय की संपत्ति की जांच होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बारिश होने से खेतीबाड़ी का काम शुरू हो गया है, लेकिन ज़िले में खाद की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इस कारण से किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। ज़िले में इस साल 82 हजार मेट्रिक टन खाद की ज़रूरत है। ज़िले में 51 हजार मेट्रिक टन खाद उपलब्ध है। अभी तक 35 हज़ार टन खाद बांटने का दावा है और कागज़ों में 15859 मेट्रिक टन खाद ही उपलब्ध है।



प्रियंका मीना, चाचौड़ा विधायक



अनिरुद्ध मीना, विधायक के देवर



अशोक उपाध्याय, कृषि अधिकारी

### 21 जून की घटना, 24 को शिकायत

बंधक बनाने की कथित घटना 21 जून की बताई जा रही है, लेकिन शिकायत 24 जून को की गई है। इसलिए इस पूरे मामले को संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है। खासकर विधायक ने इस पर सवाल उठाया है। अगर इस तरह की कोई बात थी तो इतनी देरी क्यों की गई। उन्होंने कहा कि मेरी छवि ख़राब करने साजिश रची गई, जबकि इस तरह की कोई घटना घटी ही नहीं।

### घटना को आधार बना विरोधी सक्रिय

उधर इस घटना की आड़ में विधायक प्रियंका मीना के विरोधी सक्रिय हो गए। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हारे लक्ष्मण सिंह क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सामने नहीं आए लेकिन इस मामले वे सबसे पहले नज़र आए और कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा। जिला पंचायत सदस्य रघुवीर सिंह मीना और पूर्व विधायक ममता मीना ने भी घेरा। इसके अलावा अन्य लोग भी सक्रिय हो गए हैं।

### जिले में कांग्रेस पार्टी के दो-दो विधायक हैं, वे मामले को विधानसभा में उठाएंगेः लक्ष्मण सिंह



**गुना।** सोमवार को चाचौड़ा विधायक प्रियंका मीना के देवर अनिरुद्ध सिंह मीना पर डीडीए अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि ये गंभीर बात है कि चुने हुए जनप्रतिनिधि पर शासन का अधिकारी इस तरह के गंभीर आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे भी ज्यादा गंभीर बात है कि विधायक और सत्ता पक्ष की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने कहा कि गुना जिला शांति का टापू रहा है और जिले में इस तरह की घटनाएं कतई बर्दास्त नहीं की जा सकती उसे धमकाया जा रहा है। उससे 50 लाख रुपए की डिमांड की जा रही है और सरकार चुप है। सत्ता पक्ष के विधायक को ये अधिकार किसने दिया है कि वह अधिकारी को बुलाए और परिजन उसे डराए-धमकाए ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस कलेक्टर-एसपी से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करती है और इसे विधानसभा में उठाया जाएगा। जिले में कांग्रेस पार्टी के दो-दो विधायक हैं, वो मामले को विधानसभा में उठाएंगे। कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और जनता तक मामले को लेकर जाएंगे।

# नहीं बचेगा माफिया, सिंधिया परिवार के मुखिया की है ये सौगंधः ज्योतिरादित्य

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना लोकसभा सीट जीतने और केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद पहली बार सोमवार को गुना पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है। एक नई सोच और विचारधारा के गुना की इबारत लिखने की। मेरा वादा है गुना की जनता से कि हर माफिया का समापन हम और आप मिलकर करेंगे। न भू माफिया बचेगा, न राशन माफिया बचेगा, न किसी तरीके का माफिया बचेगा। आप और हम सब मिलकर इनको यहां से रवाना करने का कार्य करेंगे। जहां आपने एक एक बूंद अपने पसीने का टपकाया है, ये सिंधिया परिवार का मुखिया सौगंध लेता है कि आपके पसीने की एक एक बूंद के बदले में अगर मेरे खून की भी जरूरत होगी, तो वो हाजिर है। मैंने आपसे निवेदन किया था कि एक एक किले पर छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह भगवा झंडा गाड़ कर रखना होगा और आज मैं आपसे कृतज्ञ हूं कि गुना और बमोरी के एक एक किले पर भगवा झंडा आपने गाड़ कर रख दिया। यह बात केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक गार्डन में आयोजित आभार सभा में कही। सिंधिया सोमवार दोपहर दिल्ली से भोपाल पहुंचे। भोपाल से सड़क मार्ग से होते हुए सबसे पहले गुना के राघौगढ़ इलाके के पीली घाटा गांव में पहुंचे। यहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष हीरेंद्र सिंह की मां के निधन पर उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। गुना पहुंचने पर जगह जगह ज़ोरदार स्वागत हुआ।



मंत्री बनने के बाद पहली बार गुना पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

# बिजली बिल से परेशान महिलाओं ने जनसुनवाई में दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पिछले महीनों की तुलना में इस महीने बिजली बिल अधिक आने से बेरखेड़ी रूठियाई की महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय जनसुनवाई में आवदेन देने पहुंची। प्रदीप केवट ने बताया की बिजली का बिल पहले 100 रूपए से 200 रूपए तक आता था। लेकिन इस महीने बिल 1 हजार से 2 हजार रूपए तक आया है।

इस कारण आज सभी महिलाएं जनसुनवाई में आवदेन देने पहुंची। वहीं महिलाओं से पूछा तो बताया की बिजली बिल ज्यादा आने के कारण हम लोग विद्युत मंडल रुठियाई में अधिकारी के पास पहुंचे तो हमे बताया गया की इस बार सब्सिडी नही मिली है इस कारण से बिजली बिल ज्यादा आया हे, सरकार के पास जाओ गुना या भोपाल हमारे पास मत आओ?

महिलाओ का कहना है की हम मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हे, बच्चो को भी पढ़ा रहे हे ऐसे में यदि बिजली बिल हजारों रुपए में आएगा तो हम कैसे भरेंगे? जनसुनवाई में आज महिलाएं पहुंची जिनमे धन्नो बाई, सविता बाई, पूनम बाई, सुनीता बाई, कृष्णा बाई, कोयल बाई, कुसुम बाई, आरती बाई, बादाम बाई सविता बाई, उमा बाई, अशोक बाई, राजकुमारी बाई, सरोज बाई, रानी बाई आदि उपस्थित रहीं।

## गुना तहसील से संबंधित पटवारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

# 'जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि के कार्यों में लक्ष्य अनुसार प्रगति लाएं'

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में तहसील गुना, नगर एवं ग्रामीण से संबंधित पटवारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी गुना शिवानी पाण्डे, तहसीलदार नगर जीएस बैरवा, तहसीलदार ग्रामीण कमल मण्डेलिया, जिला संयोजक बी. सिसोदिया सहित संबंधित पटवारी उपस्थित रहे।



बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना से जुड़े समस्त घटकों के लिए आवश्यक सर्वे कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समय-समय पर मैदानी भ्रमण करे। दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर योजना की ज़मीनी हक़ीक़त का निरीक्षण करें। कलेक्टर द्वारा पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में निवासरत सहारिया पीवीटीजी जनजाति वर्ग को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए जिले में समग्र ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि के कार्यों में लक्ष्य अनुसार प्रगति लायी जाए। उन्होंने समग्र आईडी, आधार कार्ड बनाने के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत हितग्राहियों का ई-केवायसी तथा आधार से बैंक खाता लिंक कराने तथा सीएम हेल्प लाईन अंतर्गत शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी सप्ताह में कलस्टर मुख्यालय को भी जनसुनवाई से जोड़ा जायेगा, जिसमें पटवारी कलस्टर मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे, ताकि शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा सके।

### दौराना के माध्यमिक स्कूल की छात्राओं के बीच पहुंची थाना प्रभारी

# छात्राओं को बताया साहसी बनने का हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

स्कूली छात्राओं के बीच पहुंची थाना प्रभारी पूनम सविता विगत दिवस दौराना के माध्यमिक स्कूल में छात्राओं को बताया साहसी बनने का हुनर।स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत हो गई है । इसी क्रम में एसपी संजीव कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्कूल में पहुंचकर स्कूली बच्चों को पढ़ाया है। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों की तमाम जिज्ञासाओं को भी दूर करते हुए उनके सवालों के जवाब दिए हैं। इसी क्रम में राघोगढ़ विकासखंड के दौराना के माध्यमिक विद्यालय में स्कूली छात्राओं के बीच विजयपुर थाना प्रभारी पूनम सविता ने स्कूल पहुंचकर स्कूली छात्राओं को साहस का पाठ पढ़ाये जाने के साथ ही उनके पूछे गए सवालों के जवाब दिए हैं। यही नहीं उन्होंने छात्राओं के पुलिस को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए कभी भी पुलिस को लेकर मन में किसी तरह का डर नहीं रखना चाहिए,बल्कि यदि कोई परेशान करता है या हरकत करता है तो बिना



किसी डर के आपके पास मौजूद पुलिस को बताएं।वहीं यदि कोई डर है तो इसकी जानकारी अपने बड़ों को देना चाहिए ।उन्होंने स्कूली छात्राओं से कहा कि हमारी पढ़ाई ही हमारी तरक्की और बेहतर जीवन का रास्ता तय करती है।

इसलिए जीवन मे पढा लिखा होना बहुत जरूरी है। यह तभी संभव होगा जब हम स्कूल पहुंच कर पढ़ाई करें, क्योंकि पढ़ाई हमें मंजिल तक पहुंचाती है । एक स्कूली छात्रा ने जब टीआई पूनम सविता से पूछा कि आप पुलिस अधिकारी कैसे बनीं तो इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह एक साधारण से परिवार से आती हैं, लेकिन जब वह महिलाओं ,लड़कियों के साथ हो रहे अन्याय के बारे में सुनती तो एक ही बात सामने आती कि उनमें जागरूकता के अभाव के चलते इस तरह की घटना हो रहीं हैं। यह जागरूकता और अपने अधिकारों की रक्षा करने की चाबी हमें शिक्षा से ही मिलती है।इसके बाद उन्होंने सोच लिया कि कुछ बड़ा करना है।इसके लिये उन्होंने पढ़ाई पर फ़ोकस किया और इसी पढ़ाई ने उन्हें पुलिस अधिकारी बना दिया।

## समाचार संक्षेप

### एसडीएम आनंद ने किया कार्यभार ग्रहण



आरोन। आरोन के नवनियुक्त एसडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर विकास कुमार आनंद ने एसडीएम आरोन का कार्यभार ग्रहण किया है। इसी क्रम मे वी एल ओ संघ के अध्यक्ष दिलवर खान ने मुलाकात कर बधाई देते हुए शुभकामनाए दी ।

### भाजपा मंडल कुंभराज ने सौंपा ज्ञापन



चांचौड़ा। समस्त कार्यकर्तागण भारतीय जनता पार्टी मण्डल कुम्भराज विधानसभा चांचौडा द्वारा कलेक्टर महोदयके नाम तहसीलदार महोदय तहसील कुम्भराज को ज्ञापन सौंपा। जिसमें श्री अशोक कुमार उपाध्याय उप संचालक कृषि विभाग गुना किसानों को उपलब्ध खाद को ब्लेक में बेंचने व गडबडी करने से अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की बात कही है।

### कृषि अधिकारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन, विधायक कार्यालय में अभद्रता करने का आरोप

चांचौड़ा। थाना प्रभारी थाना चाचौड़ा को एक आवेदन देकर कृषि अधिकारी अशोक उपाध्याय द्वारा विधायक कार्यालय पेंची में अभद्रता करने, कार्य में बाधा पहुँचाने, एवं राजनैतिक प्रतिद्वंदिता रखने वाले व्यक्तियों के साथ षड्यंत्र रचने के साथ साथ प्रार्थी के विरुद्ध असत्य कलंककारी बक्यतव्य विभिन्न मीडिया चैनलों पर प्रसारित करवाने के संबंध में बात कही है। । आवेदन में अनिरुद्ध मीना पिता रामेश्वर मीना निवासी ग्राम पैंची जो कि विधायक का देवर होने के साथ साथ विधायक प्रतिनिधि भी है। समाजसेवा करते हुए समस्याओं का निराकरण करना प्रार्थी का धर्म है। क्षेत्र के कृषक बंधु निरंतर क्षेत्र में खाद की किल्लत से सम्बंधित समस्याएं लेकर आ रहे थे। कि उन्हे कृषि कार्य हेतू खाद उपलब्ध नही हो पा रहा है। जबकि जिन कृषको के पास समृद्धि ओर धन की अधिकता है, उन्हे आसानी से अधिक कीमत पर खाद उपलब्ध हो रहा है। कृषको की इस निरंतर शिकायत की जांच प्रार्थी ने स्वयं खाद बाजार मे जाकर की ओर विक्रेताओ से ऐसा करने का कारण पूछा तो उन्होने कृषि अधिकारी अशोक उपाध्याय द्वारा अत्याधिक रिश्वत, विक्रय हेतू उपरांत खाद उपलब्ध कराने की बात



कही। जिसपर मेरे द्वारा अशोक उपाध्याय जी से इस हेतू कई बार चर्चा पिछले 15 दिनो में की गई, पर कोई संतुष्टि भरा जबाब नहीं मिला ।एक दिन जब मै विधायक कार्यालय पैंची में अपना काम कर रहा था। इस दौरान कृषि अधिकारी श्री अशोक कुमार उपाध्याय का आना हुआ। उनसे मेरी क्षेत्र में खाद की किल्लत के विषय में चर्चा हुई। जिसमे मेरे द्वारा उनसे इस समस्या के निराकरण के लिए कई बार निवेदन किया गया। लेकिन श्री उपाध्याय जी द्वारा मुझसे अभद्र रूप से बात की गई और बोला गया कि क्षेत्र में खाद के लिए जिला प्रशासन और शासन जिम्मेदार है और मुझे आप मेरे ढंग से काम करने दीजिए।इस बीच मेरी उनसे कहा सुनी हुई इसमें उन्होंने कहा कि बाक़ी नेताओ की तरह आपको नेतागिरी नहीं आती बाक़ी नेताओ को में पैसे देता हूँ। 1-2 लाख आप ले लीजिए जिसपर मैंने कहा कि में आपकी जानकारी ऊपर लिखित में दूँगा, जिससे श्री उपाध्याय जी और भी भड़क गये। क्योंकि मैंने उन्हें उर्वरक की काला बाज़ारी और उनके बेटे की बीज कंपनी की जानकारी होना बताया था। जिसमे उन्होंने जाते जाते मुझे धमकी भी दी।

# जीत के बाद जिले में प्रथम आगमन पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया का जोरदार स्वागत

### जिले की सीमा पाखरिया पर पहुंचकर की अगवानी और स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

गुना केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एतिहासिक जीत के बाद पहली बार पहुँचे। जहां साइ सागर होटल के संचालक समाजसेवी मुकेश राठौर एवं सार्थक राठौर पिछला वर्ग भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं युवा साथियों के द्वारा द्वारा ऐतिहासिक किया स्वागत मोगरे का हार पहनकर एवं हाथ में गुलदस्ता सर पर पगड़ी बांधकर किया स्वागत। , आतिशबाज़ी व फूलों की बरसात केंद्रीय दूर संचार व उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी लोकसभा क्षेत्र गुना से एतिहासिक जीत के बाद पहली बार गुना पहुँचे। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के गुना आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने गुना जिले की सीमा पाखरिया पूरा पहुंच भव्य अगवानी कर स्वागत किया। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया का काफिला गुना की ओर बड़ा और नगर में घुसते ही कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा स्वागत की एक झड़ी लग गई , हर कुछ मीटर पर समर्थकों व कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न समाज जनों और सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत मंच बनाकर इतिहासिक स्वागत किया।

# विकासखंड अधिकारी ने मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चांचौड़ा। मलेरिया रथ से विकास खंड चांचौड़ा के विभिन्न ग्रामों में किया जा रहा है मलेरिया और मच्छरों से बचाब के उपायों का प्रचार प्रसार. विकास खंड में मच्छरों से फैलने बाली विभिन्न बीमारियों से बचाव के प्रचार प्रसार और जागरूकता के लिए मलेरिया रथ गाँव गाँव जा रहा है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में विकासखंड अधिकारी डॉ महेश जाटव ने मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखा कर रबाना किये।

डॉ महेश जाटव ने बताया की बरसात का मौसम प्रारम्भ होने पर कई स्थानों पर पानी जमा हों जाता है जिसमे मच्छर पनपते हैं और मच्छर जनित बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है इसलिए विभाग द्वारा जनजागरूकता के कार्य किये जा रहे हैं. मलेरिया रथ भी जागरूकता के लिए ही चलाया जा रहा है. प्रदीप सेन मलेरिया तकनीकी पर्वेक्षक ने बताया की मलेरिया, डेंगू के मच्छर साफ और रुके हुये पानी में अंडे देते हैं इसलिए पानी के पात्र ढककर रखें और पानी की टंकी, कूलर आदि की सफाई अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए. साथ ही बुखार आने पर खून की जाँच गाँव की आशा कार्यकर्ता, एएनएम, सी एच ओ, से कराये. मलेरिया सकारात्मक पाये जाने पर मलेरिया की पूरी ख़ुराक लेना चाहिए. इस अवसर पर एल एन शिवहरे बीई ई,जीतेन्द्र सेन बी पी एम, हेमंत गोड़ बी सी एम, एल टी प्रशांत निंगवाल, नरेंद्र कुशवाह, फार्मासिस्ट और गुना से कमलेश कुशवाहा व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### गांजे के आरोपी इंसाफ पठान को 2 साल की सजा, तीन हजार जुर्माना

**विदिशा।** अवैध रूप से गांजा रखने वाले आरोपी इंसाफ पठान को न्यायालय ने दो साल की सजा और 3000 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस मनोज कुमार राठी ने इंसाफ पठान उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम धामनौदा थाना हैदरगढ़ को सजा सुनाई है। उक्त प्रकरण में पैरवी अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह राठौर के द्वारा की गई। उदयपुर घटेरा रोड से ग्राम साहबा पंचायत भवन के सामने आरोपी की बाइक को रोकर पुलिस ने तलाशी ली तो 2 किलो 500 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और मामले की विवेचना के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

### पड़ोसियों की पिटाई से महिला की मौत

**अशोकनगर।** नईसरायं थाना क्षेत्र के सुमेर गांव में एक 65 साल की बुजुर्ग महिला की पड़ोसियों ने मारपीट कर दी, जिसको प्रथम उपचार के बाद नईसरायं से जिला अस्पताल रेफर किया था, लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग महिला के साथ ही उसकी दो बहुओं के साथ भी मारपीट की गई है। घटना सोमवार शाम के समय की है। मृतिका महिला का नाम कसुमल पत्नी लल्लू परिहार उम्र 65 साल निवासी सुमेर थाना नईसरायं है। जबकि वृद्ध महिला की बहू कल्लो पति भूरा परिहार उम्र 40 वर्ष, प्रति पति सुरेश परिहार उम्र 35 वर्ष के साथ भी मारपीट कर दी है जिससे उन्हें चोट आई हैं। जिस महिला की इस मारपीट की घटना में मौत हुई है उसका पोता कुछ दिनों पहले ही पड़ोसी की लड़की को भगा ले गया। इसी वजह से मारपीट की गई थी। मृतका के बेटे सुरेश परिहार ने बताया कि यह मारपीट उसी के पड़ोसी पहलवान, रविन्द्र, आंनद, सत्रुधन, किस्सो, दिलिप, नीरज, भरोसा ने की है। मारपीट करने वाले कुछ पहलवान के रिश्तेदार हैं।सुरेश ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ काम करने के लिए पास के गांव में गया हुआ था। घटना के कुछ देर बाद उसे जानकारी मिली तब वह थाने पहुंचा।घटना के बाद सभी लोग थाने पहुंचे हुए थे जहां पर पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। अस्पताल में मेडिकल भी करवाया गया।हालांकि इस मारपीट में जिस महिला की मौत हुई है उसे मुंदी चोट लगी थीं शरीर से खून नहीं निकला था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# चंदेरी साड़ी बुनकरों व व्यापारियों को बताए बिजनेस करने के फंडे



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

हैंडलूम पार्क चन्देरी में टेली सोल्यूशन द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें चंदेरी साड़ी बुनकरों एवं व्यापारियों को बिजनेस मैनेजमेंट के बिंदुओं को विस्तार से समझाया गया। कार्यशाला में लेखांकन और बिक्री प्रबंधन, ई-चालान, व्यापार रिपोर्ट, लागत नियंत्रण और लागत विश्लेषण,डेटा सुरक्षा संभावनाएं के बारे में बुनकरों को विस्तार से जानकारी दी गईं। इस अवसर पर प्रभारी सहायक संचालक हाथकरघा एस के तिवारी, अनिल साद तकनीकी सहायक एवं बुनकर प्रतिनिधि अरुण सोमानी ,भरत पंसारी ,रमेश कोली एवं बड़ी संख्या में बुनकर एवम टेली के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हिंसा में महिलाओं की मदद के लिए जिले मे खुलेंगे लोक अधिकार केंद्र

अशोकनगर। अजीविका मिशन के जिला समन्वयक दिनेश शर्मा ने बताया कि शासन शीघ्र ही जिले के चारो ब्लाको मे लोक अधिकार केन्द्र खोलने जा रही है। इन केन्द्रो मे ब्लाक स्तर के स्व सहायता समूह की महिलाए संचालित करेगी। इन केन्द्रो पर परिवार मे महिला हिंसा या सामाजिक महिला हिंसा मे पीडित महिलाओ की सुनवाई की जाएगी। महिला की समस्या सुनने के बाद समूह की महिलाए पहले अपने ग्रामीण संगठन की महिलाओ के साथ ग्राम मे और शहरी महिलाओ के साथ शहर मे महिला की समस्या के निदान और निपटारे की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी यदि परिवार मे समन्वय नही बन पाता तब ग्रामीण और शहरी संगठन की महिलाए उक्त समस्या को ब्लाक स्तर पर लोक अधिकार केन्द्र को भेजेगी। जहा लोक अधिकार केन्द्र मे तैनात महिला वालंटियर महिला की समस्या सुनकर और उनके परिवार से चर्चा कर समस्या के निदान खोजने का प्रयास करेगी। इसके बाबजूद यदि हल नही निकलता तब यह महिलाए उक्त समस्या के निदान के लिए जिले के सभी विभागो की मदद लेगी। जहा लोक हिंसा से संबधित महिलाओ को मदद मिलती है। वह सभी अधिकारी उक्त समस्या के निराकरण के लिए अपने अपने स्तर पर कार्यवाही करेगें। ऐसे ही चार केन्द्र अशोकनगर जिले मे शीघ्र ही संचालित होने जा रहे है। उन्होने कहा कि जिले का सबसे पहला केन्द्र मुगावली ब्लाक मे अगले माह अस्तित्व मे आने की सभावना है।

# पैरालीगल वॉलंटियर के लिए आवेदन 3 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विधिक सेवा योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा इच्छुक व्यक्तियों से एक वर्षीय (सत्र 2024-25) पैनल के लिए पैरालीगल वालंटियर के रूप में विधिक सेवा कार्य हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा नवीन भर्ती हेतु 14 जून तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या कम होने से आवेदन करने की 14 जून से बढ़ाकर 3 जुलाई सायं 5 बजे तक नियत की गई हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय अशोकनगर में दिनांक 3 जुलाई तक जमा कर सकते हैं तथा पूर्व में 16 मई से 14 जून तक जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जा चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। उनके पूर्व आवेदन विचार में लिये जाएंगें। पैरालीगल वालंटियर हेतु चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार 13 जुलाई समय प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय अशोकनगर में होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा संचालित पैरालीगल वालंटियर्स योजना अंतर्गत पीएलवी हेतु पूर्व से रजिस्टर्ड पैरालीगल वालंटियर्स एवं नवीन योग्य एवं इच्छुक सामाजिक कार्यकर्ता जिसमें रिटायर्ड शिक्षक या अन्य शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, निजी या शासकीय चिकित्सक या नर्सिंग स्टाफ या आशा कार्यकर्ता, गैर राजनैतिक संगठन के सदस्य, सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी, जेल में निरूद्व सजायाफ्ता बंदी हो सकते है।

### मिशन अंकुर में जन शिक्षकों को प्रशिक्षण

**अशोकनगर।** जन शिक्षकों का एफएलएन संबंधी पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रावास भवन शंकरपुर टोरिया पर 24 जून से प्रारंभ हो गया है जो 28 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण जिला परियोजना समन्वयक श्री राहुल शर्मा जिला शिक्षा केंद्र अशोक नगर द्वारा दिया गया। जिसमें राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर जगमोहन यादव ,शिशुपाल सिंह,राजेंद्र लोधी,आलोक शर्मा, सगीर मोहम्मद ,चंद्रमोहन सेन के द्वारा जन शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मिशन अंकुर के तहत गणित विषय ,हिंदी विषय एवं अंग्रेजी विषय की बारीकियां पर समूह में चर्चा के माध्यम से कैसे शिक्षकों के बीच हम एफएलएन को कारगर कर सकें इस दिशा में प्रशिक्षण चल रहा है । प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि मिशन अंकुर संपूर्ण राज्य में गत वर्षो से संचालित हो रहा है जिसमें जन शिक्षक किस तरीके से अपने क्षेत्र में एफएलएन संबंधी गतिविधियों को अपने अनुवीक्षण में बारीकी से देख सकें एवं शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कर सकें ।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत का कार्यक्रम

# कवियों ने काव्य गोष्ठी में रचनाओं से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत द्वारा पचमढ़ी के निकट स्थित बनखेड़ी नर्मदापुरम के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच अवस्थित भाऊ साहब भष्कुटे न्यास के विशाल प्रांगण में दो दिवसीय प्रांतीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें अशोकनगर के जिला अध्यक्ष सुधीर गुप्ता के साथ दूधनाथ मधुकर एवं महेश श्रीवास्तव ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में प्रांत के अनेकों ख्याति नाम साहित्यकारों की भागीदारी रही। जिसमें परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री ऋषि कुमार मिश्रा , ग्वालियर के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर कुमार संजीव, शिवपुरी से प्रांतीय महामंत्री आशुतोष शर्मा, के साथ संगोष्ठी संयोजक बृज किशोर पटेल ,




संभागीय संयोजक कीर्ति वर्मा, के अलावा ममता वाजपेई, इंदु शेखर तत्पुरुष, प्रख्यात कवि बाबू गीतेश्वर, कवि मुकेश शांडिल्य, सुनील पांसे , नवल वर्मा, आरती शर्मा, पुष्पक देशमुख गुना के ऋषिकेश भार्गव , प्रीति गुप्ता आदि मध्य भारत प्रांत के सभी जिलों के प्रतिनिधियों का सानिध्य रहा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ गोपेश वाजपेई ने कहा कि साहित्यकारों ने भारतीयों में चेतना जगाने का कार्य किया है , इसी प्रकार प्रदेश महामंत्री प्रवीण गुगनानी ने कहा कि मध्य भारत प्रांत के साहित्यकारों का प्रदेय अभिनंदनीय है।

रात्रि में विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रोताओं ने कवियों को सुना। कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर साहित्य परिषद अशोकनगर के जिला अध्यक्ष कवि सुधीर गुप्ता को भी अंग वस्त्र, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अशोकनगर के दूधनाथ मधुकर एवं महेश श्रीवास्तव को भी स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र भेंट कर प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के करकमलों द्वारा हुआ एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का भी सुखद सानिध्य रहा।

# मेड़ नाली पद्धति से बोवनी करने का किया प्रदर्शन



अशोकनगर। उपसंचालक कृषि के .एस. कैन के द्वारा बताया गया कि अशोकनगर विकासखंड के ग्राम फरदई में नवाचार के रूप में कृषक मेहरबान सिंह रघुवंशी के खेत में सोयाबीन की बुवाई की नवीन तकनीकी मेंड़ नाली पद्धति से बोनी का प्रदर्शन किया गया। इस पद्धति में प्रत्येक दो कारों के बीच नाली बनती है जिससे फसल की कतारें मेंड़ पर आ जाती हैं। इस विधि में अत्यधिक वर्षा की स्थिति में जल भराव की स्थिति नहीं होती है और बुवाई के तुरंत बाद तेज वर्षा होने पर बीज अंकुरण प्रभावित नहीं होता है तथा किसानों को दोबारा बोनी नहीं करनी पड़ती है एवं कम वर्षा होने पर भी कोई नुकसान नहीं होता है। इस पद्धति से पौधों को पर्याप्त मात्रा में हवा एवं प्रकाश मिलता है और कीट व्याधि भी कम लगते हैं। इस तकनीकी से बोनी करने से लगभग 20 से 25 प्रतिशत उत्पादन में वृद्धि हो जाती है । जिले के किसान भाइयों से अपील है कि मेंड़ नाली पद्धति से बुवाई करें और अच्छा उत्पादन प्राप्त करें इस अवसर पर सहायक कृषि यंत्री सुखराम उईके, शैलेंद्र यादव और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुकेश रघुवंशी एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग कारणों से दो की मौत, मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों मे अलग अलग कारणे से 2 लोगो की मौत हो गई। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत विकास पुत्र सुरेश बाल्मीक उम्र 23 साल निवासी चुंगी नाका ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारजनो को सोप दिया गया है। जिले के ईसागढ थाने के ही अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी शिवराज पुत्र परमा जाटव उम्र 40 साल की सडक दुर्घटना मे आई चोटो के कारण मौत हो गई। अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए शिवराज जाटव की बाइक मे टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई।

### पुलिस ने 105 लीटर अवैध शराब जब्त की

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत पुलिस ने विवेक पुत्र नथन यादव बालिस्टर पुत्र कमलेश रघुवंशी पठार मोहल्ला अशोकनगर के पास से 105 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार बहादुरपुर पुलिस ने विपिन केवट के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सहराई पुलिस ने अचलगढ निवासी चिमनदीप सिख के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 30 जून को लगेगा

**अशोकनगर।** जैन मिलन सेंट्रल द्वारा 30 जून रविवार को जी. के. मैरिज गार्डन गुना रोड पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष वीरेंद्र जैन अथाईखेड़ा एवं मंत्री सुनील बैलई ने बताया कि स्मृतिशेष विजय कुमार जैन एवं स्मृतिशेष जय कुमार जैन अथाईखेड़ा की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों के सहयोग से भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची के संयोजकत्व में आयोजित इस शिविर में इस शिविर में इसमें नगर के सुप्रसिद्ध डॉ. डी.के. जैन ,डॉ. नीतेश जैन,डॉ. अंकुर जैन, डॉ. प्रेम विश्वास,डॉ. पारस जैन, डॉ. दीपक जैन,डॉ नीलेश जैन, डॉ. शुभम जैन द्वारा मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा । सभी रोगियों को निशुल्क दवा प्रदान की जाएंगी।संस्था के वीर बंधुओ ने सभी से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### दहेज प्रताड़ना के दो केस किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे दहेज प्रताड़ना के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए है। जिले की महिला थाने की पुलिस ने ग्राम ललोई थाना चंदेरी निवासी संगीता पत्नी रामकृष्ण यादव की रिपोर्ट पर से ससुराल पक्ष के रामकृष्ण ,जगभान श्याम बाई हरिओम यादव के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताडित किए जाने का मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार मुगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बिल्हेरू निवासी पत्नी प्रवीण बंसकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से प्रवीण रामवीर पार्वती बाई भूरी बाई निवासी महिदपुर द्वारा उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा था।

### मंदिर के 7 घंटे चुरा ले गए चोर

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम थूबोन निवासी बद्रीप्रसाद शर्मा पुत्र लालता प्रसाद शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तलाइया वाले हनुमान मंदिर थूबोन के अंदर से कोई अज्ञात चोर 24 जून की रात मे मंदिर के 7 घंटे चोरी कर ले गया। इनमे एक घंटा लाल पुता हुआ है और 6 घंटों पर पीले निशान लगे है। पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### कुटी मंदिर के बाहर से बाइक ले गए चोर

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत राजाराम पुत्र निरपत प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामइक्षा कुटी मंदिर के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाइक जिसका नंबर एमपी 67 एम जे 8615 है। उसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात लोगो पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### संसदीय क्षेत्र से सारे माफियाओं का निपटारा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी

# हर एक माफिया को आपका चौकीदार क्षेत्र से बाहर निकालेगा: केंद्रीय मंत्री सिंधिया





#### खास बातें

- बैनरो मे पूर्व सांसद डॉ केपी यादव का फोटो गायब रहा।
- केपी यादव कार्यक्रम मे भी नजर नही आए।
- मंच से जरूर केपी यादव का नाम लिया गया।
- पत्रकार बातचीत करने के लिए उतावले नजर आए।
- कार्यक्रम के दौरान कई लोगो की जेबे कट गई।
- महिला चुनाव से पहले मिले आश्वासन के बाद भी एडमिशन न होने पर अपनी बेटी के साथ मंच के पास रोती नजर आई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत सरकार के दूरसंचार केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुनाव जीतने और मंत्री बनने के बाद अशोकनगर मे आयोजित आभार सभा मे उपस्थित जन समुदाय को सबोधित करते हुए कहा कि मेरी पांच प्राथमिकताए होगी। पहली प्राथमिकता चुनाव के समय जो उन्होने अनुभव की थी। उसमे सारे माफियाओ का निपटारा इस क्षेत्र से किया जाएगा। न भू माफिया रहेगा ,न राशन माफिया रहेगा, न खाद माफिया रहेगा। एक एक माफिया के पीछे आपका चौकीदार भागेगा और उसे क्षेत्र से बाहर निकालेगा।

उल्लेखनीय है कि ससंदीय चुनाव के दौरान सिंधिया को आमजनो ने भूमाफियाओं की बड़े पैमाने पर शिकायत की थी। जिसे लेकर उन्होने भूमाफियाओं पर यह बात कही। दूर संचार मंत्री ने कहा कि वह अशोकनगर जिलेवासियों को ग्राम रावंसर में 5जी इंटेलिजेंट विलेज योजना की सौगात लेकर आए है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभाग का दायित्व मुझे दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 10 गांव को 5जी इंटेलिजेंट विलेज से जोड़ा गया है। जिसमें अशोकनगर जिले के ग्राम रावंसर को 5जी इंटेलिजेंट विलेज योजना से जोड़ा गया है। यह आधुनिक तकनीक गांव के विकास में प्रगति करने में सक्षम होगी। उन्होंने 5जी इंटेलिजेंट विलेज योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि इस योजना से किसानो को पता चल सकेगा कि उनके खेत मे कहा पानी की जरूरत है कहा कीट लग रहा है। वह अपने हाथ पर मीटर लगाकर शुगर भी नाप सकेगे। रावसर गाव मे ड्रोन भी लगाए जाएगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह सेना है,जो कभी रूकती नही और कभी झुकती नही। सम्राट अशोक की भूमि अशोकनगर से आज नई जंग की शुरूआत करनी है तो आपके सामने पांच प्राथमिकताएं रखता हूँ। माफियाराज को खत्म करने के साथ उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की एक-एक योजनाओं का लाभ आखिरी लाभार्थी तक पहुंचाना है। हमारे क्षेत्र के एक-एक नौजवान को हमें सक्षम बनाना है, 21वीं सदी में आगे चलने के लिए प्रधानमंत्री की विचारधारा ही नहीं संकल्प है, हम अशोकनगर में भी नई विचारधारा लाएँगे। गरीब, पीड़ित, शोषित ,वंचित, दलित और आदिवासी वर्ग के लिए विकास का रोडमैप बनाया जायेगा।

#### आपका जहा पसीना टपकेगा, वहा मे खून बहा दूंगा।

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अशोकनगर की मेरी भगवान तुल्य जनता है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को मंच से नतमस्तक होकर नमन किया। उन्होंने कहा कि बर्षा ऋतु में जब इन्द्रदेव का आर्शीवाद होता है,उससे भी ज्यादा मुझे अशोकनगर जिले के परिवारजनों ने आर्शीवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मैं जिंदगी भर आपका ऋणी रहूंगा तो भी कम है,मै किस भावना से कृतज्ञता दूं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जहां अशोकनगर जिले के एक-एक परिवारजनों का पसीना टपकेगा वहां मैं अपना खूंन बहा दूंगा । उन्होंने कहा कि मैनें आपसे निवेदन किया था कि अपने किले का टारगेट बनाना। एक-एक सेनापति और भगवान तुल्य जनता ने टारगेट बनाकर अपने किले पर झण्डा लहरा दिया। मैं निरूशब्द हूं धन्यवाद करते करते। आपका और हमारा एक अटूट रिश्ता है,विकास का रिश्ता है, सत्य का रिश्ता है।यह जीत मेरी नही है यह जीत अशोकनगर,गुना,शिवपुरी की जनता की जीत है। यह जीत झूठ के ऊपर सत्य की जीत है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही हो सकता है। गुना,अशोकनगर,शिवपुरी की जनता ने सत्य को जिताकर एक इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि एक विश्वास मैं आपको दिलाता हूं अब आपका चैकीदार आपके लिए तैनात हो गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता ने 29 सीटें जिताकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मोदी के मन में एमपी, एमपी के मन मैं मोदी है।



#### केंद्रीय मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सांसद निर्वाचित होने एवं केन्द्रीय मंत्री बनने के उपरांत प्रथम बार जिले में आगमन होने पर सेन चैराहे से तुलसी पार्क स्टेशन रोड तक रोड शो के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान फूल,माला एवं पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया।

#### तीनों जिलों में उन्होंने खाद की कोई कमी नहीं आने दी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जो संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है कि भारत सरकार की एक-एक योजना चाहे वह उज्जवला योजना हो, चाहे गरीबों के घर की योजना हो , चाहे राशन की योजना हो एक-एक हितग्राही तक भ्रष्टाचार के बिना पहुँचाने की जिम्मेदारी मेरी है ।उन्होंने कहा कि देश में कोई गारंटी है तो वह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की कमी नहीं आने दूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने खाद माफियों को खत्म कर दिया है। समितियों के माध्यम से खाद किसानों को वितरित कराया जा रहा है। गुना संसदीय क्षेत्र के किसानों के लिए आज तक 27 हजार मैट्रिक टन खाद भेजा गया। जिसमें अशोकनगर जिले के लिए 10 हजार मैट्रिक पहुंचाया गया। साथ ही 30 जून से पहले खाद की एक अतिरिक्त रैक भेजी जायेगी। किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि अशोकनगर के विकास से कोई समझौता नही किया जाएगा। जिले के विकास के लिए हर संभव प्रयास होगे। इस चुनाव मे सिंधिया ने अपने ही 2002 के ऐतिहासिक वोटो के रिकॉर्ड को तोड दिया है। जितनी भी प्रकार की शिकायत हो आप कभी भी मेरे पास आ सकते है। मुगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि अभी तक डबल इंजन की सरकार थी। अब तीन इंजन की सरकार हो गई है। अब सांसद भी मिलकर विकास करेगे।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के केस दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कालोनी निवासी कृष्णपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू राय निवासी अशोकनगर ने त्रिदेव मंदिर के पास उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर टोरिया निवासी विनोद बंसकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी माखन धोबी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी चंद्रपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू रघुवंशी निवासी डंगोरा फूट ने ग्राम कोलुआ के पास उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चक्क चिरौली निवासी विवेक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन सरदार और पलविंदर सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से पवनदीप सिख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विवेक और लाखन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौली चक्क निवासी अशोक सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बल्लू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरई निवासी सोनम बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति नंदू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अथाईखेडा निवासी नेपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजू खटीक और पवन खटीक ने डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सांदोह निवासी रेखा शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भानू भार्गव और अज्ञात दो लोगो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुमेर निवासी कल्लोबाई परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आनद ,रविन्द्र और सुक्कू परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## भारतीय मजदूर संघ की बैठक स्थापना दिवस मनाने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ जिला शाखा ने बैठक का आयोजन सरस्वती स्कूल में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं रेलवे मंडल के प्रदेश अध्यक्ष उमेश शर्मा उपस्थित हुए बैठक का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हैरी रघुवंशी द्वारा किया गया बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन द्वारा की गई बैठक दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि इस बार भारतीय मजदूर संघ अपना 70 व स्थापना दिवस 23 जुलाई 2024 को बहुत ही भव्य रूप से मनायेगा स्थापना दिवस के दिन एक विशाल चल समारोह ठेंगड़ी भवन भारत माता चौराहा भोपाल से रविंद्र भवन तक निकाला जाएगा इस बार का स्थापना दिवस इसलिए भी खास है



क्योंकि एल 20 कार्यक्रम में इस बार भारत में हुआ और अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ ने की थी एक एल 20 का कार्यक्रम इस बार मध्य प्रदेश में भी हुआ था जिसमे कई विदेश से प्रतिनिधि शामिल हुए थे वहीं प्रतिनिधि इस स्थापना दिवस में भी शामिल होने जा रहे हैं। बैठक दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 2024 में होने वाले भारतीय मजदूर संघ के दिसंबर तक के कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से बताए। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह रघुवंशी राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष बसंत सक्सेना आदि शामिल हुए।



### छत से गिरी विवाहिता की मौत, मायके वालों ने ससुरालियों को दाहसंस्कार करने से रोका

चंदेरी। थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में सोमवार की देर शाम करीब 8 बजे एक महिला छत पर जाते समय नीचे गिर गई जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आनन फानन में महिला के ससुराल वाले चन्देरी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद सुबह होते ही जैसे ही नव विवाहिता का पीएम हुआ तो शव को जलाने को लेकर महिला के मायके वाले कई घंटे तक अस्पताल के बाहर आना कानी करते रहे। जिसके चलते अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी अनुसार रामनगर निवासी राम रानी पति राजीव अहिरवार उम्र 23 वर्ष की शादी ललितपुर जिला के पास किसी गाँव से चन्देरी के रामनगर गांव में पिछले एक माह पहले हुई थी और वह अपने मायके से शादी होने के बाद पहली बार ससुराल आई थी तो वह अपने ससुराल में बने घर की छत पर गई तो उस समय महिला किसी कारण बस छत से नीचे गिर गई जिससे महिला के सिर में गहरी चोट लगते ही गंभीर घायल हो गई तब परिजन सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर के द्वारा मृत्य घोषित कर दिया गया बाद में सुबह होते ही डॉक्टरों की देखरेख में महिला का पीएम कराया गया इसके बाद में जब महिला का शव जलाने को लेकर बात आई तो महिला के मायके वाले आ गए और कहने लगे कि अभी तब तक हम अपनी लड़की का शव नहीं जलाने देंगे तव तक भाई अहमदाबाद से लौटकर नहीं आ जाता और इसके साथ ही महिला के मायके वाले ससुराल पक्ष पर आरोप लगाए।

## जन सुनवाई मे समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही, 339 आवेदक पीड़ा सुनाने आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले मे समस्याओ का भंडार है। हर रोज आवेदक समस्याए लेकर तो पहुचते ही। लेकिन प्रति मंगलवार को आवेदक बडी संख्या मे पहुच रहे है। जन सुनवाई के दौरान 339 आवेदक अपनी समस्याए लेकर पहुचे। जिन्हे जिला पंचायत की सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा समक्ष मे सुना गया। अभी तक यह समझ मे नही आ रहा है कि गाव गाव मे होने वाली जनसुनवाई का क्या हुआ। जब जनसुनवाई की व्यवस्था ग्रामो मे की गई है। फिर ग्रामो के लोग शहर मे क्यो आ रहे है। इसका मतलब यह है कि ग्रामो मे जन सुनवाई का कार्यक्रम नही हो रहा है।



जनसुनवाई में ग्राम गुढाटांका निवासी मांगीलाल आदिवासी द्वारा दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा किये जाने,ग्राम तूमैन निवासी पिस्ताबाई रजक द्वारा भूमि पर से अवैध हटवाये जाने,ग्राम पिपरोल निवासी धमेन्द्र जाटव द्वारा पटवारी द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम पीपरी निवासी निशा अहिरवार द्वारा प्रसूती सहायता राशि दिलाये जाने,ग्राम सीगोंन निवासी सिरनाम अहिरवार द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने,ग्राम इंग्लखेडी निवासी हरवीर सिंह प्रजापति द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा किये जाने,ग्राम सिहोरा निवासी यशोमती बाई द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांतर्गत गैस कनेक्शन दिलाये जाने,ग्राम इमलिया निवासी लीला आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम कुरवासी निवासी सुमनबाई अहिरवार द्वारा फर्जी तरीके से मेरा नाम जमीन के हिस्से में हटाये जाने,ग्राम छीपोन निवासी शिवराज सिंह द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा किये जाने,ग्राम सुहागपुर निवासी राजकुमार अहिरवार द्वारा बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रवृति दिलाये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है , प्राप्त आवेदन के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिये।

### गरीबी रेखा से ऊपर लाया जा रहा है परिवारों को

# 5552 महिला स्वसहायता समूहों से 61173 परिवार जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अजीविका मिशन के द्वारा वर्ष 2011 की आर्थिक जनगणना मे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारजनो को शासन की योजनाओ के तहत लाभ दिलाकर ऐसे परिवारो की महिलाओं के स्वसहायता समूह गठित कर परिवार को गरीबी से निकाल कर आर्थिक पोषण समूह के माध्यम से शासन की सभी योजनाओ का लाभ दिलाकर किया जा रहा है।





जिले मे 5552 महिला स्व सहायता समूह अजीविका मिशन के तहत शासन की प्रक्रिया का लाभ लेते हुए महिलाए समूहो को संचालित कर रही है और परिवारो का आर्थिक पोषण हो रहा है। इन समूहो से 61173 परिवार जुडे हुए है। आजीविका मिशन के जिला कॉर्डीनेटर आनंद शर्मा ने बताया कि अशोकनगर जिले के ब्लाक अशोकनगर मे 1578 समूह कार्य कर रहे है। जिनमे 73224 परिवार जुडे हुए है। मुगावली ब्लाक मे 1399 समूह काम कर रहे है। जिनमे 15665 परिवार जुडे है। ईसागढ ब्लाक मे 1245 समूह काम कर रहे है।जिनमे 13899 परिवार जुडे हुए है। इसी प्रकार चंदेरी ब्लाक मे 1330 स्व सहायता समूह कार्य कर रहे है। जिनसे 14385 परिवार जुडे हुए है।

उन्होने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मे अजीविका मिशन की योजनाओ के तहत महिला स्व सहायता समूह का गठन किया जाता है। अजीविका मिशन के कॉर्डिनेटर इन महिला स्वसहायता समूहो को समूह के संचालन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण देते है। समूह द्वारा एकत्रित राशि के उपयोग कर राशि को पुनः सग्रहित करने की प्रक्रिया के बाद महिला स्व सहायता समूहो का एक बैक खाता बैक के माध्यम से संचालित किया जाता है। जिससे जो समूह की राशि बैंक मे जमा होती है। उस राशि पर बैक स्व सहायता समूह की महिलाओ को उनके द्वारा किए जा रहे।

आर्थिक गतिविधि और रोजगार के कार्यो को बढाबा देने के लिए शासन की योजनाओ के तहत आर्थिक मदद कर समूहो को सशक्त बनाने का कार्य किया जाता है। अजीविका मिशन के जिला कॉर्डिनेटर ने बताया कि इन समूहो के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे यह गरीब परिवार सूदखोरो के चंगुल से बने है। जहा महिलाए समूह मे काम कर रही है। वही महिलाए अपने परिवार के आर्थिक रूप से भी समूह से राशि लेकर परिवार का भी संचालन कर रही है। उन्होने कहा कि इस वर्ष बैको द्वारा जिले के स्व सहायता समूहो को 54 करोड रूपए से अधिक की राशि की मदद की है। यह समूह हर वर्ष बैको की राशि को समय पर उनके निर्धारित समय मे चुका देती है। जिससे उन्हे बैको से पुनः शासन की योजनाओ के तहत आर्थिक लाभ मिलता है। यहा की महिलाए काम तो कर रही है। परंतु वही परंपरागत समूहो द्वारा काम किया जा रहा है। यह कार्य भी अभी सीमित दायरे मे है। जैसे जैसे समूह अपना दायरा बढाएगे। वैसे वैसे उक्त समूह का लाभ भी बढेगा। उन्होने दबी जुबान मे बताया कि महिलाए परिवार से जुडी हुई है। इसलिए वह सशक्त रूप से मार्केटिग करने मे कतराती है। जिससे उनके द्वारा तैयार किया हुआ माल उनके क्षेत्र के भीतर ही वह बेंच पाती है। जो माल बाजार मे बिकने आना चाहिए वह उतनी मात्रा मे नही आ पा रहा। इसमे और समूहो मे और गुजाइश भी दिखाई देती है।

## जिला सीईओ की पहल पर ग्राम पंचायत स्तर पर हुई जनसुनवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सीईओ जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन द्वारा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर प्रति मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित किये जाने के निर्देश दिये थे। जिले के जनपद / ग्राम पंचायत के अधीन ग्रामों के ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तर पर सुनवाई हेतु आना पड़ता है जिसने उनके समय एवं आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत एवं उनके अधीनस्थ ग्रामों में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं तथा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अधिक समय से लंबित शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण किये जाने हेतु मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाए। इसी क्रम में जिले की समस्त जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाकर जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रमीणों की समस्याओं की सुनवाई की जाकर निराकरण किया गया ।

## ट्रैक्टर मालिकों ने पुलिस का किया अभिनंदन, 8 आरोपियों की तलाश जारी

# चोरी के 6 ट्रैक्टरों के साथ 12 पकड़ाए इन्हें चार राज्यों से ढूंढकर लाई पुलिस

## चोरी के माल को एक नंबर में करने राजस्थान आरटीओ की संलिप्तता भी उजागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गंभीर अपराधों की पड़ताल में लगी जिला पुलिस ने चोरी की वारदातों के संबंध में एक और बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने राजस्थान, यूपी, हरियाणा, पंजाब राज्यों में पहुंचकर जिले के विभिन्न थानों से चुराए गए 6 ट्रैक्टरों को पकड़ा है। इसके साथ ही चोरों समेत माल के खरीदार और मामले में संलिप्त 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही चोरियों की घटनाओं में शामिल 8 आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस की टीमें लगातार उन्हे खोजने में लगी हुई हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने मंगलवार अपरान्ह अपने दफ्तर में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। बरामद हुए माल की कीमत लगभग 42 लाख रुपए बताई जा रही है।

### इन थानों से चोरी हुए थे ये 6 ट्रैक्टर्स

गत 4 मार्च की दरम्यानी रात्रि खिलचीपुर थाने के ग्राम अंबावता, 4 अप्रैल को सुठालिया थाने के ग्राम गोरधनपुरा, 27-28 फरवरी को नरसिंहगढ़ के संजय नगर से ट्रैक्टर चुराए गए थे। वहीं तलेन क्षेत्र में दो ट्रैक्टर्स को अमानत मे खयानत कर गायब कर दिया गया था। इन्हीं ट्रैक्टर्स को पुलिस विवेचना के दौरान आरोपियों, खरीदारों से पकड़कर लाई है।

### वारदात का तरीका, आरटीओ कर्मचारी भी शामिल

*घटना से चार-पांच दिन पहले गिरोह के सदस्य रैकी करते थे। रैकी के बाद चोरी का स्थान व ट्रैक्टर चिन्हित करके राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, यूपी में इन ट्रैक्टरों के इंजन नंबर और चेचिस नंबर बदलकर सस्ते दामों में भेज दिया करते थे। एसपी आदिया मिश्रा ने बताया की चोर गिरोह थ्री लेयर सिस्टम से चोरी करके माल को ठिकाने लगाता था। कुछ आरोपी वारदात को अंजाम देते थे। बाहरी राज्यों के पूर्व निर्धारित लोग उन्हें खरीदते थे वहीं राजस्थान के सवाई माधोपुर आरटीओ के कुछ कर्मचारी चोरी के ट्रैक्टर की आरसी (रजिस्ट्रेशन) ओके करवाते थे। ऐसे में चोरी के ट्रैक्टर को कोई पकड़ नहीं पाता था। हालांकि, इस बार ये लोग आरटीओ के जरिए यह सब करवा पाते, उसके पहले ही पुलिस ने सभी को दबोच लिया।*

### ये हैं वे 12 शातिर लोग जो वारदातों में शामिल

*पकड़ाए गए आरोपियों में जसवीर पिता रेशम सिंह निवासी मनसा पंजाब, मुस्ताक पिता इस्माइल निवासी मीराबस्ती थाना कैथुन जिला कोटा राजस्थान, आदिल पिता अजीज खान निवासी अप्पूखेड़ी जिला झालावाड़ राजस्थान, बिलाल खान मेवाती निवासी बामन गांव थाना डांगीपुरा राजस्थान, काशीराम भील निवासी मोगियावे थाना डांगीपुरा जिला झालावाड़ राजस्थान, दीवान भील निवासी मोगियावे, प्रगट सिंह पिता सादा सिंह निवासी अबोहर पंजाब, आसिफ पिता अंसार अहमद अंता जिला बारा राजस्थान, मनोज पिता लक्ष्मी नारायण राठौर निवासी बारां राजस्थान, आबिद पिता अमीन खान बरसाना जिला मथुरा उत्तर प्रदेश, जीतराम पिता नाथूलाल मीणा लालसोट जिला दोसा राजस्थान, मोनू उर्फ मंटू पिता घनश्याम मीणा निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान शामिल है।*


### अन्य आरोपियों को तलाश रही पुलिस

*उक्त 12 आरोपियों के साथ ही चोरी की घटनाओं में शामिल 8 से 9 अपराधी ऐसे भी हैं जो अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इन सभी आरोपियों के संबंध में पुलिस जानकारी जुटाते हुए उन्हें पकड़ने के भरसक प्रयास कर रही है एसपी मिश्रा ने बताया की पुलिस की टीमे जल्द ही फरार आरोपियों को भी अपनी गिरफ्त में ले लेगी।*

# 5 दिन निकले, नहीं हो पाई दबंगों पर एफआईआर दर्ज

## पीड़िता से बोला - मामला दर्ज कराया तो जा सकती है नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



देश भक्ति और जन सेवा को चरितार्थ करने का वादा करने वाली पुलिस जब नेताओं के इशारे पर काम करने लगे तो पीड़ित का भगवान ही रखवाला है। मामला राजगढ़ पुलिस थाने से संबंधित है जहां पर नपाध्यक्ष द्वारा डराने व धमकाने एवं झूठे प्रकरणों की धमकी के बाद सहमी हुई पीड़िता व उसका परिवार जैसे तैसे थाने पहुंचा और वहां पर एफआईआर के लिए अपना आवेदन दिया, जिस पर पुलिस ने जांच कर एफआईआर का आश्वासन दिया, परंतु आज 5 दिन निकल गए हैं और पीड़िता परेशान होकर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची जहां पर न्याय की गुहार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष का एक वीडियो सामने आया था जिसमें महिला स्वास्थ्य कर्मी को गाली-गलौज और धमकी देते हुए नजर आ रहे थे। जिसके बाद महिला स्वास्थ्य कर्मी ने राजगढ़ थाना कोतवाली में राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पर मारपीट और गाली गलौज करने का मामला दर्ज कराया था।

### बयान के लिए थाने बुलाया तो वहां पर नेताओं का था जमाबड़ा

जनप्रतिनिधि होते हुए नपाध्यक्ष की ज्यादातियों से परेशान होकर एक ओर पीड़ित महिला स्वास्थ्य कर्मी नेहा वर्मा जब राजगढ़ थाना कोतवाली मामला दर्ज कराने पहुंचीं तो पहले तो एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया गया। उसके बाद जब बयान के लिए थाना कोतवाली ने नेहा वर्मा को थाने बुलाया गया तो वहां पीड़िता के बयान दर्ज करने से पहले थाना प्रभारी और मौके पर मौजूद कुछ नेताओं ने पीड़ित महिला से कहा कि अगर तुमने मामला दर्ज कराया तो तुम्हारी नौकरी भी जा सकती है। तुम सस्पेंड होगी। राजगढ़ थाने की पुलिस का यह रवैया देखकर सवाल खड़े हो रहे। जिस पुलिस का काम है कि पीड़िता को न्याय दिलाने का वहीं पुलिस पीड़िता को धमका रही है। पांच दिन से अधिक समय होने के बावजूद भी पीड़िता नेहा वर्मा की रिपोर्ट नहीं लिखी गई।

### महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने पहले ही कहा था झूठे केस में फंसाया जाएगा

राजनैतिक रसूक के चलते पीड़ित महिला पहले ही दो दिन बाद अपने घर से निकलकर पुलिस थाने पहुंच पाई। पीड़िता का कहना है कि उनके घर के आसपास दो दिनों तक असामाजिक तत्व घूमते नजर आए जिससे डर कर वह घर से नहीं निकली। वहीं पीड़िता का कहना है कि हमने पहले ही पुलिस को बता दिया था कि नपाध्यक्ष हमें झूठे केस में फंसा सकते हैं और कुछ ऐसा ही हुआ। पीड़िता के पति पर छेड़खानी का आरोप लगाया गया है जिसका आवेदन राजगढ़ थाने में दिया गया है। जिससे पीड़िता की आवाज दवाई जा सके।

**इनका कहना है...**

हां आवेदन आया है उसकी जांच चल रही है। जैसे ही जांच पूरी हो जाएगी तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

**बीरसिंह ठाकुर**, टीआई राजगढ़

# समर्पण और संस्कार का संगम पंचकुंडीय यज्ञ द्वारा प्रोग्रेसिव परिवार ने मनाया अपना 16 स्थापना दिवस



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव परिवार ने अपना 16 स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। ब्यावरा शहर में प्रोग्रेसिव हाइटस की शुरुआत 2008 में की गई थी। इस खास मौके पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय ने सभी अभिभावकों व शिक्षकों के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दिन के इस दिन के अवसर पर गायत्री परिवार के साथ मिलकर पंच कुंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान छात्रों और अध्यापकों द्वारा पूर्ण आहुति दी गई। सभी ने मिलकर शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस यज्ञ के अनुष्ठान से स्कूल के छात्रों ने यज्ञ की महत्वता और उसके आध्यात्मिक तथा भौतिक लाभों के बारे में सीखा यह यज्ञ ब्रह्मयंत्र,देव यंत्र, पितृयंत्र ,भूतयंत्र और मनुष्ययंत्र के रूप में संपन्न हुआ जो कि हर व्यक्ति के जीवन में शुद्धि और संचार का निर्माण करता है। स्थापना दिवस बनाने के साथ इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैदिक संस्कारों का प्रचार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ जिसमें सभी उपस्थित जनों ने संतोष और आनंद की भावना व्यक्त की। सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया गायत्री परिवार के सदस्य हवलदार सिंह, किशोर जनोरिया एवं समस्त गायत्री परिवार की उपस्थित मे कार्यक्रम का समापन सकारात्मक तौर पर हुआ।

# दस्तक अभियान का नपाध्यक्ष पालीवाल ने किया शुभारंभ



**सारंगपुर।** मंगलवार को विकासखंड सारंगपुर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा दस्तक अभियान का शुभारंभ पोषण पुनर्वास केंद्र सारंगपुर में भर्ती बच्चों को विटामिन ए पिलाकर किया गया। दस्तक अभियान 25 जून से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद राकेश पुष्पद बाबूलाल अहिरवार, कमल शर्मा, गोपाल पाल, सुनील बागवान, भानु सिंह लववंशी, स्वास्थ्य विभाग से मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ डी बड़ोदिया बीपीएम जगदीश दांगी, बीई ईश्री एसएन नागर एफडी पूजा शिवहरे, अरुण दीक्षित पर्वत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीण बैठे धरने पर, किया रोड जाम

## मामला खिलचीपुर-कुंडीबे मार्ग पर बाइपास रोड व रेलवे लाइन निर्माण कार्य का, बाइपास रोड और रेलवे विभाग वाले अधिकारियों से रखी रास्ते की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित कुंडीबे गांव के पास रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन का कार्य तीव्र गति से जारी है। वहीं एनएच का भी निर्माण कार्य विभाग द्वारा तीव्र गति से चल रहा है। गांव कुंडी बे रेलवे विभाग ओर नेशनल हाईवे दोनों के लिए बीचों - बीच सेंटर पर है, जिस पर बरसों से पक्का रोड शासन द्वारा दिया गया है।

रेलवे ओर बाइपास रोड के निर्माण कार्य में यह बरसों से बना पक्का रोड अड़चन बन रहा है इस वजह से रेलवे विभाग व बाईपास एनएच रोड विभाग ने कुंडी बे रोड को बन्द कर दिया है, इसके विरोध में दर्जनों गांव के ग्रामवासी जन धरने पर बैठ रोड को चालू कराने की मांग को लेकर धरने पर बैठे। धरने पर बैठे ग्रामीण जनों प्रेम सिंह, सत्यनारायण निवासी कुंडी बे, जगन्नाथ सिंह, मोतीलाल, सुल्तान निवासी मेहराजपुरा, श्री लाल, हरि सिंह, कमल सिंह, जगदीश, हजारीलाल, कन्हैया लाल, भगवान सिंह, उमराव सिंह, हीरालाल, नरपत सिंह, धीरप सिंह आदि ने मीडिया को बताया कि यह रास्ता कुंडी बे, बरखेड़ा, मेहराजपुरा, मोडाखेड़ी, मोया खेड़ा, देवाखेड़ी, कुआं खेड़ा, कछोटिया, ढिगलियाखेडी, सेदरा, अंबावता, बाजरोन आदि गांव के लोगों के आने जाने का मुख्य रास्ता है, हमें यह रास्ता बंद न कर ब्रिज बनाकर नीचे से यह रास्ता चालू रखा जावे ताकि हम दर्जनों गांव के लोग इस रास्ते से आ जा सके , इस रास्ते से खिलचीपुर की दूरी मात्र 3 किलोमीटर है यदि यह रास्ता बंद किया तो हमें 15 किलोमीटर की दूरी तय कर खिलचीपुर आना जाना पड़ेगा, ऐसे में दर्जनों गांव के बच्चों को स्कूल आने जाने में 15 किलोमीटर का घूम खाकर आना जाना पड़ेगा, जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मीडिया द्वारा हमारी आवाज शासन तक पहुंचे, ओर शासन के मुख्यमंत्री तथा जिम्मेदार अधिकारी हमारी समस्या को गहराई से समझ कर रेलवे ओर बाईपास एन एच के नीचे ब्रिज बनाकर इस रास्ते को बंद ना करते हुए ब्रिज के नीचे से चालू रखा जावे, यही हमारी मांग है। यदि हमारी मांग को शासन द्वारा पूरा नहीं किया जाता तो हम जीरापुर रोड पर बैठकर धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम करेंगे, जिला कलेक्टर महोदय हमारी समस्या को देखें ओर हमारी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर हमें न्याय दिलाकर बरसों से बने रास्ते को चालू रखवाएं।

**इनका कहना है**

हम निरीक्षण कर रहे हैं कि रोड को कहां से डाइवर्ट करें, ताकि लोगों की समस्या का हल हो सके।

**सुनील कुमार**
एसडीएम खिलचीपुर।

# अभाविप ने दिया कॉलेज प्राचार्य को अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ की ब्यावरा इकाई द्वारा नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष जीत शिवहरे ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगातार कॉलेज में आने वाली समस्याओं और कॉलेज की अनियमितताओं को लेकर प्राचार्य से बातचीत की गई। परंतु प्राचार्य द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न करते हुए बहाना ही दिया गया तब विद्यार्थियों को उचित आश्वासन प्राप्त न हुआ तो विद्यार्थियों ने विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में विषयों को लाना उचित समझा। अभाविप के संज्ञान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में होने वाली अनियमिताओं को लाया गया है जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बार-बार कॉलेज प्रशासन को कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ की सूचना देने पर और विद्यार्थियों द्वारा मांग करने पर उन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है जिनमें प्रमुख विषय है।



कॉलेज में परीक्षा चल रही है परंतु बार-बार देखने में आ रहा है कि परीक्षा के दौरान ही लाइट चली जाती है जिसकी कॉलेज व्यवस्था नहीं की गई। कॉलेज के शौचालय में लंबे समय से सफाई नहीं की जा रही। कॉलेज परिसर में लंबे समय से सफाई न करने के कारण जगह-जगह गंदगी दिखाई दे रही है। बार-बार प्राचार्य को अवगत कराने के बाद भी विद्यार्थियों के लिए सूचना की उचित व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षाओं के साथ-साथ प्रोजेक्ट और प्रैक्टिकल, सीसीए भी चल रहे हैं परंतु एक ही शिक्षक पर सभी जिम्मेदारी होने के कारण विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं जिसकी प्रशासन द्वारा अन्य कोई व्यवस्था नहीं की गई। महाविद्यालय में पार्किंग होते हुए भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की गाड़ियां कॉलेज में अंदर लाकर के गेट के सामने लगाई जा रही है और कुछ गाड़ियों में तेज आवाज करना स्वभाव बन गया है जिससे विद्यार्थियों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना होने की भी संभावना है। इसके पश्चात भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है एक विद्यार्थी की पार्किंग एरिया से बाइक चोरी हो गई जहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पाएगा जब प्रचार से पूछा तो प्राचार्य द्वारा भी बहाना बना दिया गया और इसकी हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं बोल कर बात को टाल दिया गया। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय प्रशासन कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ को देखकर भी कार्रवाई न करने के कारण कॉलेज प्रशासन का लचीलापन दिखाई दे रहा है जो कि महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए उचित नहीं है अतः अभाविप आपसे आग्रह करती है कि उक्त विषयों को संज्ञान में लेकर तुरंत इन पर कार्यवाही करें।

# नपाध्यक्ष पालीवाल के प्रयासों से नपा सारंगपुर को मिली एक और सौगात

## एक ट्रैक्टर और मड पंप प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा लगातार नगर को सौगाते दी जा रही हैं। इसी क्रम में नगर सारंगपुर में एक ट्रैक्टर और मड पम्प शौचालय के टैंक खाली करने की मशीन की सौगात नगर को दी। गई भारत सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगर में शौचालयों को खाली करने एवं मालासुर जैसी खतरनाक बीमारियों से बचने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका सारंगपुर को शासन द्वारा मड पम्प प्रदाय किया गया है। जिससे नगर के वार्ड मोहल्लो व्यावसायिक इलाको के शौचालय के टैंक को नगर पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कराकर खाली कराया जा सकेगा।



नगर पालिका कार्यालय में ट्रैक्टर ओर मड पंप की पूजन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्वच्छता सभापति अमित गिरजे पार्षदगण बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल राकेश पुष्पद कमल शर्मा सुनील बागवान भानुसिंह लाववंशी सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एल एस डोडिया व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'आपातकाल कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल थी, इसे देश कभी माफ नहीं करेगा'

# आपातकाल देश के इतिहास का काला धब्बा, यह कांग्रेस की मानसिकता का प्रतीक : रणवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

भारतीय लोकतंत्र में अपनी कुर्सी को बचाने स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल देश के संविधान पर कालिक पोतने वाला वह काला धब्बा था जो चिरकाल तक कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता रहेगा। भाजपा पर संविधान बदलने का दुष्प्रचार करने वाली कांग्रेस यह भूल गई की गांधी परिवार का इतिहास ही अपने स्वार्थ को बचाने के लिए संविधान को तोड़मरोड़ कर लोकतंत्र को कुचलने वाला रहा है।

गांधी परिवार की बहु और आज कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी उस समय भी परिवार में मौजूद थीं, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए तानाशाही अपनाते हुए 1975 में आपातकाल लगाकर देश के संविधान को कुचला था और लोकतंत्र की हत्या की थी।




उक्त उद्गार मंगलवार को मंडी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में निशा बंधिया का सम्मान करते हुए आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक रणवीर सिंह रावत ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा अपने स्वार्थ के लिए लगाया गया आपातकाल कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल थी। इसे देश कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस के नेता संविधान को बदलने का दुष्प्रचार भाजपा के लिए कर रहे हैं, उस संविधान का गला घोंटने वाली तो स्वयं कांग्रेस है, जिसने हजारों राष्ट्र भक्तों को जेल में डालकर यातनाएं दी। कांग्रेस के उस काले इतिहास की 50वीं बरसी पर हमने मीसाबंदियों का सम्मान कर मनाने का निर्णय लिया।

### मीसाबंदियों के परिजनों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान ब्यावरा शहर के मीसाबंदियों का स्मरण करते हुए उनके परिजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलबर यादव, दीपेंद्र सिंह चैहान, मोना सुस्तानी, जगदीश पवार, जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर, रामनारायण दांगी, मानसिंह टोका, शैलेश गुप्ता, कमल सिंह पवार, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास, राजू यादव, ब्यावरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह उपस्थित थे। संचालन साकेत शर्मा ने किया व आभार राधेश्याम पचवार्या ने माना।